हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 13 सितंबर 2025

2 टाउनशिप के तीनों सबसे बड़े ऑडिटोरियम बंद, कहां हों सांस्कृतिक...



4 जिले में केंद्रीय विद्यालय में कक्षाओं का शुभारंभ...





## खबर संक्षेप

### भाजपा सरदा मंडल में बैठक आज

**बेरला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस को इस वर्ष सेवा और जनकल्याण कार्यों के रूप में मनाया जाएगा। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन होगा जिसमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर समेत अन्य गतिविधियां आयोजित होंगी। सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरदा मण्डल में सेवा पखवाड़ा के संबंध में 13 सितंबर को शाम 4 बजे कर्मा भवन सरदा में बैठक का आयोजन रखा गया है। बैठक में विधायक दीपेश साहू, जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा, सेवा पखवाड़ा प्रभारी सरदा मंडल राजू देवांगन, संयोजक गौकरण साहू, सह संयोजक पप्पू वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

### पाक्सो पीड़ितों के पुनर्वास प्रशिक्षण में शामिल होंगे जनप्रतिनिधि

**बेमेतरा।** भारत सरकार, सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली से प्राप्त पत्र के अनुसार 16 एवं 17 सितम्बर रीहेबिलिटेशन ऑफ़ पोक्सो सरवाईवर्स फॉर चेयरपर्सन्स एंड मेंबर्स ऑफ़ सीडब्लूसीएस विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन निपसीड, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस कार्यशाला में जिले से नामांकित प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रशिक्षण हेतु यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति निपसीड, नई दिल्ली द्वारा की जाएगी। प्रशिक्षण की अवधि में बैठक दिवस ही कार्य दिवस माना जाएगा। प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण स्थल पर भोजन एवं आवासीय सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 16 सितम्बर से होगा तथा यह 17 सितम्बर 2025 तक चलेगा। नामांकित प्रतिनिधियों को निर्धारित तिथि पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सहकारी समिति बारगांव की सभा 15 को

**बेरला।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित बारगांव पं. क. 382 की वार्षिक साधारण सभा की बैठक 15 सितंबर दिन सोमवार दोपहर 2.00 बजे समिति कार्यालय बारगांव में रखी गई है। समिति प्रबंधक अनिल यादव ने बताया कि निर्धारित समय में गणपूर्ति के अभाव में बैठक स्थगित कर उसी स्थान पर आधा घण्टे बाद बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी। उक्त बैठक में सेवा सहकारी समिति मर्यादित बारगांव के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक खर्रा के शाखा प्रबंधक सनत वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही बारगांव, मटिया, कोसपातर, बलौदी, मुड़पार खुर्द के किसानों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। उन्होंने बताया कि बैठक में वर्ष 2024-25 की वार्षिक शेष पेज 2 पर

# पितृपक्ष शुरू होते ही चढ़े तोरई व बरबट्टी के भाव, आवक बढ़ने से टमाटर धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पितृपक्ष पखवाड़े की शुरूआत होते ही बाजार में बिकने वाली तोरई और बरबट्टी के दामों में इजाफा देखने को मिलने लगा है। पितृपक्ष के दौरान इनके महत्व के चलते दोनों सब्जियों के दाम सौ रुपए के करीब पहुंच गए हैं। वहीं उड़द दाल की भी डिमांड देखने को मिल रही है। वहीं दूसरी ओर आवक बढ़ते ही टमाटर के दाम नीचे आ गए हैं। उल्लेखनीय है कि अश्विन माह के कृष्ण पक्ष में पितृपक्ष के दौरान 15 दिनों तक पितरों को तर्पण दिया जाता रहा है। पूर्वजों की तिथि अनुसार उनका स्मरण, पूजन और उनके नाम पर ब्राह्मण भोज की परंपरा है। मान्यताओं के मुताबिक पितरों को उड़द दाल के अलावा तोरई और बरबट्टी की सब्जी का भोग लगता है।

- धार्मिक महत्व के कारण तोरई पहुंची 120 रुपए प्रति किलो तक

इसका धार्मिक महत्व होने से इसकी मांग बढ़ जाती है, जिस कारण इसके दाम में तेजी आई है। बाजार में डिमांड बढ़ी तो उड़द दाल 110 और तोरई 120 रुपए किलो के भाव से बिक रही है। 15 दिनों तक चलने वाले पितृपक्ष में तोरई और बरबट्टी सब्जी के साथ ही उड़द दाल की मांग बढ़ गई है।

## अन्य सब्जियों के दाम में गिरावट

### धार्मिक रूप से है महत्व

पंडितों के अनुसार प्राचीनकाल से ग्रामीण इलाकों में अपने घर की बाड़ी में साग-सब्जी लगाने की परंपरा चली आ रही है। खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में पितृपक्ष के 15 दिनों में ग्रामीण इलाकों में बड़ा और पूड़ी के साथ ही तोरई की सब्जी बनाते हैं। जिसका प्रभाव आज शहरी क्षेत्र पर भी देखने को मिल रहा है। यही वजह है कि तोरई की मांग बढ़ने के साथ ही इसके दाम भी बढ़े हैं।



### सप्ताहभर में दुगने हुए दाम

मिली जानकारी के अनुसार जहां एक सप्ताह पहले तक तोरई बाजार में 30 से 40 रुपए किलो बिक रही थी। वहीं अब इसके दाम तीन गुना तक बढ़कर 100 से 120 रुपए किलो तक पहुंच गए है। वहीं बरबट्टी भी बाजार में 60 से 80 रुपए किलो बेची जा रही है। हालांकि टमाटर के दाम में गिरावट आई है। 60 रुपए किलो बिकने वाला टमाटर अब 30 से 35 रुपए में मिल रहा है। ऐसे ही गोभी 40 रुपए किलो, बैगन 40 रुपए किलो, आलू 25 रुपए एवं प्याज 25 रुपए में मिल रहा है।


## इस माह आएगा बढ़ा हुआ बिल, छूट खत्म, एपीपीएएस शुल्क का भी लग रहा झटका

# हाफ योजना बंद, एपीपीएएस शुल्क का भी लगा झटका, दोगुना आ रहा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के लगभग सवा लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को इस बार सितंबर माह के बिल में एपीपीएएस शुल्क का भी बड़ा झटका लगा है। दो माह तक राहत के बाद अब सितंबर के बिल में 7.10 फीसदी एपीपीएएस शुल्क भी लग रहा है। ऐसे में घरेलू उपभोक्ताओं को महंगी बिजली का डबल झटका लग रहा है। अब हर माह बिजली की कीमत तय होने के कारण हर माह शुल्क में आमतौर पर इजाफा हो जाता है। एक तो अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना में 400 यूनिट तक बिल हॉफ को कम करके सौ यूनिट कर दिया गया है। ऐसे में 400 यूनिट की खपत पर हजार रुपए ज्यादा बिल देना पड़ रहा है। इसी के साथ जुलाई के लिए जो एफपीपीएएस तय किया गया है, उसके कारण भी चार सौ यूनिट की खपत में करीब डेढ़ सौ रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। ऐसे में 400 यूनिट की खपत पर इस बार 12 सौ रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज एफपीपीएएस लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू किया गया। बीते दो साल से उपभोक्ताओं को एफपीपीएएस शुल्क के नाम से हर माह झटका ही लगता रहा है। पहली बार यह झटका इस साल अप्रैल के बिल में नहीं लगा था।

- जिले में हैं सवा लाख से अधिक बिजली उपभोक्ता



**एफपीपीएएस शुल्क में वृद्धिः** मई में फिर शुल्क 7.32 फीसदी लगा। जून के बिल में एफपीपीएएस 0.12 माइनस हो एफपीपीएएस शुल्क 1.44 फीसदी माइनस में रहा। लेकिन अब एक बार फिर से एफपीपीएएस शुल्क 710 फीसदी हो गया है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बीते माह जो 144 फीसदी माइनस के कारण कम पैसे लगे थे, वो और इस बार का 7.10 फीसदी मिलाकर 854 फीसदी शुल्क का झटका लग रहा है।

### अब 400 यूनिट पर हजार रुपए ज्यादा

प्रदेशभर के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को बीते छह साल से 400 यूनिट की खपत पर बिजली बिल आधा देना पड़ रहा था। इसमें ऊर्जा प्रभार के साथ एफपीपीएएस शुल्क आधा लगता था तो हजार रुपए से एक हजार 50 रुपए तक बिल में कम हो जाता था। लेकिन अब अगस्त से बिजली बिल हॉफ की सीमा को सौ यूनिट कर दिया गया है तो 400 यूनिट की खपत करने वालों को हजार रुपए ज्यादा देने पड़ रहे हैं। सौ यूनिट से ज्यादा खपत होने पर सौ यूनिट पर भी हॉफ योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस बार उपभोक्ताओं का जो बिल आ रहा है. वह बीते माह से करीब-करीब डबल हो गया है। जिनका बिल पहले छह सौ रुपए आता था। उनका बिल अब 12 सौ रुपए और 12 सौ रुपए वालों का करीब 24 सौ रुपए आ रहा है।

# सोसायटी व खुले बाजार में भी नहीं मिल रही यूरिया, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र के किसान यूरिया नहीं मिलने से खासा परेशान हैं। अभी भी सोसायटियों में यूरिया खाद की मांग बनी हुई है। खरीफ फसल धान के लिए अब अंतिम समय है, जब किसान खेत में यूरिया खाद का छिड़काव करेंगे। ऐसे समय में यूरिया की किल्लत किसानों के लिए मुसीबत खड़ी कर रही है। इधर खुले बाजार में यूरिया की आसमान छूती कीमतें एक हजार से भी पार कर जाने के बावजूद भी निजी दुकानों में भी नहीं मिल रही है।

तहसील क्षेत्र के बनरांका, कुरूद, दर्री, हाटरांका, खाती, खेरझिटीकला, सोमईकला,बेलतरा तथा ठेलका जैसी सोसायटियों में अभी भी यूरिया खाद की किल्लत बरकरार है। तहसील क्षेत्र में खरीफ फसल बोनी के पूर्व से ही खाद बीज की संकट बना हुआ है, जिसे दूर करने अभी तक कोई उपाय नहीं ढूंढा जा सका है। मजबूरी में गुणवत्ताहीन नैनो यूरिया का किसान उपयोग कर रहे है। गौरतलब है कि इस वर्ष खरीफ फसल किसानों के लिए तकलीफदेह रहीं है। खाद बीज का संकट शुरू से बना हुआ है। सोसायटी तो दूर अब खुले बाजार में नकद में भी यूरिया खाद नहीं मिल रही है। किसान अब नैनो यूरिया का मजबूरी मे उपयोग कर रहे हैं। अकेले थान खम्हरिया सोसायटी मे अब तक 266.50 टन यूरिया खाद की वितरण किसानों को किया चुका है। अभी भी तहसील क्षेत्र की 12 सोसायटियों में लगभग 200 टन से भी अधिक यूरिया खाद की मांग बनी हुई है।



- कीमतें बढ़ने के बावजूद, नहीं मिल रही खाद
- शुरुआत से ही किसान झेल रहे संकट

थान खम्हरिया सोसायटी मे लगभग 2400 हेक्टेयर धान रकबा के लिए 900 किसानों ने 1.50 करोड़ का खाद, बीज तथा 6 करोड़ से अधिक नकद राशि मिलाकर करीब 8 करोड़ का ऋण किसानों ने लिया है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों की सोसायटियों में यूरिया खाद की समस्या को देखते हुए प्रशासन से जल्द ही पूर्ति की मांग की गई है।

# 16 रुपए प्रति हेक्टेयर फसल बीमा मिलने से किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

तहसील भिंभौरी क्षेत्र के ग्राम सुरहोली के किसान अपनी रबी फसल बीमा की बेहद कम राशि मिलने से परेशान हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें केवल 16 रुपये प्रति हेक्टेयर के हिसाब से मुआवजा दिया गया है, जो फसल को हुए नुकसान के औसत के हिसाब से बहुत कम है। किसानों ने बताया कि केंद्र सरकार के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 11 अगस्त 2025 को देशभर के किसानों के फसल बीमा की राशि जारी कर दी थी। इसके बावजूद, उन्हें एक महीने की देरी से, यानी 12 सितंबर 2025 को भुगतान किया गया। इस देरी और बेहद कम राशि को लेकर किसानों ने बीमा ऑफिस, रायपुर में आपत्ति दर्ज कराई है।

- रबी फसल बीमा की राशि कम आने पर किसानो जताई आपत्ति, दिया आवेदन



### जांच की मांग

किसानों का कहना है कि उन्हें यह नहीं समझ आ रहा कि बीमा भुगतान में इतनी देरी क्यों हुई और किस आधार पर इतनी कम राशि दी गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस मामले की जांच कराने और उन्हें उचित मुआवजा देने की मांग की है। इस दौरान दावा-आपत्ति दर्ज कराने वालों में जनसेवक प्रहलाद वर्मा, तारण यादव, भगवती वर्मा, घनश्याम वर्मा, रणजीत साहू, रामकुमार साहू और देवेंद्र वर्मा सहित कई किसान मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय शालेय हॉकी स्पर्धा में दुर्ग संभाग विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद में भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने वाले बेरला ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विद्यालय के 6 बालक एवं बालिकाओं ने 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता राजनादगांव में भाग लेकर अपने क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। भाग लेने वाले विद्यार्थी अंडर 19 बालक वर्ग में तुषार यादव,रूपेश कुमार,विजय विश्वकर्मा, साथ ही अंडर 19 बालिका वर्ग में तन्नू बेग, मानसी साहू,निधि पाटिल ने दुर्ग संभाग की ओर से प्रतिनिधित्व किया। रायपुर,बस्तर,सरगुजा और बिलासपुर की टीमों पर शानदार जीत दर्ज कर दुर्ग संभाग की टीम हॉकी बालक वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बालिका 19 वर्ग में रायपुर, बस्तर, सरगुजा, बिलासपुर की टीमों को एक तरफा मुकाबलों में हराकर दुर्ग संभाग की बालिका टीम भी प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में बारगांव विद्यालय के सभी हॉकी खिलाड़ियों ने अपने कलात्मक खेल का परिचय दिया।

- स्पर्धा में बारगांव के खिलाड़ियों रहा उम्दा प्रदर्शन

विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका व (कोच) तुलसी साहू ने इस उपलब्धि पर कहा कि बढ़ा हर्ष का विषय है,विद्यालय के 03 बालक एवं 03 बालिकाओं ने 25 वी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता राजनांदगांव में दुर्ग संभाग की टीम से भाग लिया सभी खिलाड़ियों ने अपने–अपने खेल का जौहर दिखाते हुए टीम को जिताने में अहम भूमिका निभाई है। बच्चे लगातार कड़ी मेहनत कर रहे है। यहां के बच्चे जिला,राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं।



### निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम से मिल रही सफलता

विद्यालय के प्राचार्य तीक्ष्ण साहू ने कहा कि विद्यार्थियों को सफलता, निरंतर अभ्यास और कठिन परिश्रम से मिल रही है। विद्यालय द्वारा खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध खेल सुविधाओं का परिमाण है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को शिक्षा और खेल दोनों के आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही संकुल समन्वयक सुरेन्द्र पटेल सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई। भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## महाविद्यालय में साइबर जागरूकता पर कार्यशाला

# छात्रों को ऑनलाइन खतरों से बचने के गुर सिखाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ऑनलाइन सुरक्षा और साइबर जागरूकता संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला महिला सशक्तिकरण (हब) मिशन शक्ति के अंतर्गत, जिला मिशन समन्वयक राजीव कुमार वर्मा के नेतृत्व में हुई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी, सॉफ्टवेयर पाइरेसी, डी-डॉस हमलों और साइबर जासूसी जैसे खतरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संसाधन व्यक्ति सोनाली गुहा, जो एक साइबर फोरेंसिक और लैब एक्सपर्ट हैं, ने छात्रों को ऑनलाइन सुरक्षित रहने के तरीके बताए। उन्होंने सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग, और फिशिंग से बचाव के उपाय समझाए। इसके अलावा, उन्होंने महिलाओं और लड़कियों के लिए विशेष सुरक्षा टिप्स भी दिए।




### मोबाइल और बैंकिंग सुरक्षा पर विशेष जोर

सोनाली गुहा ने मोबाइल फोन, ईमेल आईडी, व्हाट्सएप, यूपीआई और बैंकिंग लेनदेन को सुरक्षित रखने के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने ओटीपी और पासवर्ड की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और साइबर अपराध की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया भी बताई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य वीणा त्रिपाठी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी व्योम श्रीवास्तव और महिला एवं बाल विकास विभाग के कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# प्राथमिक स्कूल भवन की छत का प्लास्टर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

अंचल के ग्राम पिपरिया में एक बड़ा हादसा टल गया, जब मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत मरम्मत किए गए प्राथमिक स्कूल भवन का ऊपरी हिस्सा रात में भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि घटना के समय स्कूल बंद था, अन्यथा कई बच्चे इसकी चपेट में आ सकते थे।

- सालभर पहले हुई थी स्कूल भवन की मरम्मत

सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे, तो उन्होंने सामने वाले कमरे का मलबा पड़ा हुआ देखा। तुरंत ग्रामीणों को इसकी सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार, इस स्कूल भवन की मरम्मत करीब एक साल पहले ही आरईएस विभाग द्वारा एक ठेकेदार से लाखों रुपये खर्च कर करवाई गई थी। इस घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।



ग्रामीणों और जिला पंचायत प्रतिनिधि गोविंद पटेल ने इसे घटिया निर्माण का नतीजा बताया। गोविंद पटेल ने घटनास्थल पर पहुंचकर कहा कि यह साफ तौर पर भ्रष्टाचार का मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत कई जगहों पर घटिया निर्माण हुआ है और इंजीनियरों की मिलीभगत से कामों का 100 प्रतिशत मूल्यांकन कर दिया गया है। फिलहाल, विभाग ने अपने इंजीनियरों को घटना स्थल पर भेजा है। अब देखना यह है कि कोई बड़ा हादसा न होने के बावजूद, अधिकारी इस लापरवाही और भ्रष्टाचार पर क्या कार्रवाई करते हैं।

## खबर संक्षेप

### महापौर शशि ने नगरीय निकाय मंत्री से मांगी पार्षद निधि

**भिलाई।** उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने न केवल पार्षद निधि की राशि बल्कि विकास के लिए राशि की मांग की है। महापौर अपने परिषद के सद्स्यों के साथ नवा रायपुर पहुंची मंत्री आवास पहुंची थी। वहां उन्होंने नवगठित रिसाली के विकास के लिए मांग पत्र भी सौंपा। महापौर शशि ने निकाय क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग करने की बात उप मुख्यमंत्री से की। महापौर शशि ने वित्तीय वर्ष 24-25 के महापौर निधि शत प्रतिशत राशि व समस्त पार्षदगणों के पार्षद निधि के 50 प्रतिशत राशि प्रदान किए जाने का अनुरोध भी की।

### सट्टा खिलाने वाला एक आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सिटी कोतवाली पुलिस दुर्ग ने सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को रंगे हाथ सट्टा खिलवाते हुए गिरफ्तार किया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक सार्वजनिक स्थान पर जुआ खिलवाने का काम कर रहा है। कोतवाली पुलिस की टीम ने 11 सितंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम बनाकर पोलसायपारा में सलीम बिरयानी दुर्ग के पास छापा मारा। वहां सट्टा पट्टी का अवैध कार्य एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम फिरोज अली (45 साल) निवासी ताकियापारा जिला दुर्ग बताया। आरोपी के कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी विभिन्न अंको में लिखा हुआ, एक डाट पेन, नगदी रकम 2,760 रुपए जब्त किया गया।

## पेज 3 का शेष

### सहकारी समिति ...

प्रतिवेदन, लेख परीक्षण आय व्यय लेन देन लाभ हानी पत्रक पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करना। वर्ष 2025-26 की अनुमानित वार्षिक बजट स्वीकार करना।निरीक्षण टीप एवं आपत्तियों की निराकरण प्रतिवेदन अवलोकन करना। समिति हेतु अधिकतम ऋण सीमा स्वीकृत करना। संस्था व सदस्यों का ऋण निर्धारण किया गया है उसे अनुमोदन करना। प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसाईटियों के लिए प्रस्तावित माडल बायलाज को लागू करना के संबंध में चर्चा की जाएगी।

## निधन

### त्रिलोक साहू

**नवागढ़।** ग्राम चिचोली निवासी एवं भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोक साहू 80 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। त्रिलोक साहू का जीवन समाज सेवा और संगठन को समर्पित रहा। वे लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रहे और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वर्गीय त्रिलोक साहू, श्याम साहू एवं संतोष साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार उनके स्थानीय गृह ग्राम चिचोली में संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, पार्टी कार्यकर्ता और समाजजन शामिल हुए।



# ट्रैफिक पुलिस ने दो दिन में बिना हेलमेट पर काटे 250 चालान, दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑपरेशन सुरक्षा के तहत सड़क सुरक्षा को देखते हुए दुर्ग ट्रैफिक पुलिस बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने दो दिन के भीतर बिना हेलमेट गाड़ी चलाते पाए जाने पर 250 चालान काटकर 1 लाख 12 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चालकर चालानी कार्रवाई कर रही है। उनके द्वारा मात्र दो दिन के भीतर 9 और 10 सितंबर को 250 चालान काटे गए हैं। इनके 1,12,000 रुपयए का समन शुल्क वसूल किया गया है। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार "नो हेलमेट नो पेट्रोल" आदेश के बाद की जा रही है।

एएसपी ने कहा कि ऑपरेशन सुरक्षा का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्यवाही नहीं है, बल्कि नागरिकों को सड़क सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना और दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को रोकना है। इस सतत प्रयास के परिणामस्वरूप जिले में लोगों में हेलमेट उपयोग को लेकर जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग जिले के नागरिकों से अपील करती है कि वे दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं एवं पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। आपका छोटा सा कदम न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि परिवार और समाज को भी सुरक्षित रखेगा।

## हेलमेट लगाने के साथ ही ट्रैफिक नियम का पालन करने की दी जा रही समझाइश



### सेंट्रल एवेन्यू रोड कंपलसरी हेलमेट वेयरिंग जोन घोषित

लोग हेलमेट का उपयोग अधिक से अधिक करें। इसके लिए कलेक्टर ने टाउनशिप से निकलने वाली सेंट्रल एवेन्यू रोड को कंपलसरी हेलमेट वेयरिंग जोन घोषित किया है। यह सड़क मुरगा चौक (इक्यूपमेंट चौक) से लेकर सेक्टर-9 हॉस्पिटल चौक बनी है। इसे 'ग्रे स्पॉट' के रूप में भी चिन्हित किया गया है।

### पेट्रोल पंप संचालकों को भी दी जा रही चेतावनी



ट्रैफिक पुलिस विशेष टीम गठित कर सेंट्रल एवेन्यू रोड के साथ पूरे जिले में नियमित अभियान चला रही है। इसके अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस दुर्ग जिले के सभी पेट्रोल पंपों के प्रबंधकों एवं संचालकों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर करके उन्हें समझाइश और निर्देश दे रही है कि बिना हेलमेट पहुंचे वाहन चालकों को पेट्रोल ना दिया जाए। इसकी निगरानी भी की जा रही है।

## नेहरु भवन सालभर व कलामंदिर हफ्तेभर से संधारण के लिए बंद

# टाउनशिप के तीनों सबसे बड़े ऑडिटोरियम बंद, कहां हो सांस्कृतिक-सामाजिक आयोजन

*टाउनशिप में स्थित शहर के सबसे बड़े बीएसपी के आडिटोरियमों के बंद होने से आयोजनों को लेकर सांस्कृतिक संगठनों और कलाकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के मौसम में कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। कलाकारों ने बीएसपी प्रबंधन से सभागारों को जल्द संधारण कर खुलवाने की मांग की है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

उल्लेखनीय है कि सेक्टर 1 में स्थित नेहरु सांस्कृतिक भवन सबसे पुराना व सबसे बड़ा आडोटोरियम है। इसके अलावा दूसरे नंबर पर सिविक सेंटर में महात्मा गांधी कलामंदिर सुविधायुक्त सभागार है।

इसके अलावा सिविक सेंटर में भी टाउनशिप के एकमात्र सबसे बड़ा खुला सभागार ओपन एयर थिएटर है। संयोग से इन दिनों इन तीनों ही सभागारों के बंद होने से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर सांस्कृतिक संगठनों को परेशानी हो रही है। कलामंदिर को बीएसपी द्वारा पिछले हफ्तेभर से मेंटेनेंस के लिए बंद किया गया है और रिपेयर आदि साज साज सज्जा का काम चल रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मेंटेनेंस पूर्ण होते ही इसे फिर से खोल दिया जाएगा। लेकिन नेहरु सांस्कृतिक सदन पिछले करीब एक साल से बंद पड़ा है। कलाकारों ने बताया कि नेहरु हाउस को संधारण के लिए बंद किया जाना बताते हुए नगर सेवा विभाग ने ताला जड़ दिया है। रिपेयर का काम अब तक शुरु नहीं हुआ है। आठ सौ सीटर भवन के बंद होने से कला, संगीत और नाट्य आयोजनों के लिए भटकना पड़ रहा है। कई संगठनों ने इसके चलते अपने कुछ आयोजन स्थगित कर दिए या फिर इप्टा जैसे कुछ ग्रुप बाहर कैंपस में आयोजित करने मजबूर हुए। कलाकारों ने बताया कि तीनों आडिटोरियम बंद होने से बारिश में दिक्कत हो रही है।



### सिविक सेंटर ओपन एयर थिएटर भी वीरान

सिविक सेंटर में ओपन एयर थिएटर सभागार भी पिछले कई साल से वीरान पड़ा हुआ है। उपेक्षित होने से यह टूटफूट के साथ अराजक तत्वों का अड्डा बनकर रह गया है। इसके वीरान होने से भी यहां बीएसपी के सांस्कृति आयोजनों से सहित विभिन्न संगठनों के सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक आदि कार्यक्रम नहीं हो पा रहा है। संगठनों को आयोजनों के लिए भटकना पड़ रहा है। कलाकारों ने बताया कि साठ साल पुराना यह आडिटोरियम खुला होने से सभी के लिए उपयोगती था। लेकिन उपेक्षा से यहां स्टेज की छत टूट चुकी है और मेकअप रुम में कबाड़ भरा है और लोहे की बेचों की दर्शक दीर्घा के चारों व चारों ओर परिसर में गाजर घास आदि खरपतवार सहित भारी गंदगी फैली है। चौपाटी का गंदा पानी भी यहां जमा हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यहां दस साल पूर्व तक राष्ट्रीय नेताओं की चुनावी सभाएं भी होती थीं। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी, वीपि सिंह व सोनिया गांधी आदि कई राजनेताओं की सभाएं हो चुकी है। बीएसपी का हर साल अभा कवि सम्मेलन व गणतंत्र दिवस पर आर्केस्ट्र भी यहीं होता था।

### 50 साल पुराना भवन रहा अनूठा

सेक्टर 1 नेहरु हाउस 50 साल से अधिक पुराना ही नहीं बल्कि प्रदेश का अनूठा भवन रहा है। रशियन कलाकारों सहित बालीवुड के फनकारों के आदि सैकड़ों यादगार आयोजन देने वाले यहां के रिवाल्विंग स्टेज और दोनों ओर परदा उठने का आटोमेटिक सिस्टम और साउंड सिस्टम प्रदेश में कहीं नहीं था। कलाकारों के मुताबिक करीब 5 साल पूर्व रिपेयर के दौरान स्टेज का समतलीकरण करने के लिए आकर्षक वुडन रिवाल्विंग पटों को हटा दिया गया और दीवारों पर लगे प्लाई व सनमाइका आदि के भी निकलने से नाट्यमंचन व संगीत के दौरान आवाज इको होती रहती है। नेहरु भवन में बालीवुड कलाकार बैजयंती माला, गुलाम अली, पीनाज मसानी, रजा मुराद आदि कई कलाकारों के आयोजन हो चुके हैं। यहां बीएसपी बहुभाषीय नाट्य स्पर्धा व इप्टा का बाल नाट्य शिविर सहित कई संस्थाओं के आयोजन होते रहते हैं। यहां पूर्व पीएम राजीव गांधी भी आ चुके हैं। अलावा बीएसपी नेहरु पुरस्कार समारोह व भिलाई महिला समाज का स्थापना दिवस समारोह समेत विभिन्न संगठनों के विविध आयोजन होते हैं। कलाकारों ने नेहरु हाउस को जल्द आज की जरुरत के अनुरुप सुविधायुक्त संधारित कर जल्द खोलने की मांग बीएसपी से की है।

## कुर्मी भवन में शिक्षक सम्मान समारोह आज, सेवानिवृत्त शिक्षक होंगे सम्मानित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शिक्षक सहयोग समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में इस वर्ष भी हिन्दी दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को कुर्मी भवन सेक्टर सात में शाम 5 बजे से आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अलका बाघमार, विकास खंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग राजेश्वरी चंद्राकर, नवीन देशमुख संगीतकार व फिल्म निदेशक और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ दीनदयाल साहू वरिष्ठ साहित्यकार व संपादक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में सेवानिवृत्त शिक्षकों में प्रतिभा साहू, अश्विनी कुमार झा, टीका राम साहू आई एस मनु, नजमा रहीम, राम कुमार वर्मा, कुबेर राम देशमुख, गंगेश कुमार सिन्हा, कुंजलता साहू, दुलारी चंद्राकर,सुरेश कुमार चंद्राकर, पुनाराम देवांगन, मोहन राम साहू, महेश कुमार देवांगन और गिरधर लाल चेलक सम्मानित किए जाएंगे। इसी कड़ी में मेघावी छात्रों का भी सम्मान किया जाएगा। अतिथियों के उद्बोधन बाद कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां भी दी जायेंगी। इस अवसर पर बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और अंचल के बुद्धजीवी के अलावा समिति के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## भिलाई के लेफ्टिनेंट हर्ष गोहिया का भिलाई विद्यालय में सम्मान



**भिलाई।** भिलाई के युवा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन प्राप्त हर्ष गोहिया का भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्राचार्य विजय सिंह पवार व शाला परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने हर्ष गोहिया को भिलाई विद्यालय का गौरव बताते हुए विद्यार्थियों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। हर्ष ने अपने अनुशासन, लगन, दृढ़ संकल्प और समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए साझा किया कि किस प्रकार उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कम्बाइंड डिफेंस सर्विसेज परीक्षा (सीडीएस) 2023 में सफलता प्राप्त कर आल इंडिया रैंक 187 हासिल की। हर्ष ने अपनी दिनचर्या, तैयारी की रणनीति और व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया।

## पुलिस ने चिट्टा के साथ आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

वैशाली नगर पुलिस ने 77 हजार रुपए की 7.1 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपियों को पकड़ा है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वैशाली नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 9 सितंबर को उन्हें मुखबीर से सूचना मिली थी कि समीर जयसवाल और वैभव सोनी शिव मंदिर के पास जवाहर नगर शादी भवन के पास अवैध रूप से चिट्टा (हेरोइन) बेच रहे हैं। तुरंत पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने मुखबीर के बताये हुलिया वाले व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी भागने लगा। पुलिस की टीम ने घेराबंदी करके दो लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम वैभव सोनी (24 वर्ष) निवासी एचआईजी-1 2853 काली बाड़ी के पास जामुल और समीर जयसवाल उर्फ मुल्लु (24 वर्ष) निवासी उत्तम टाकिज के पास सड़क नम्बर 3 थाना छावनी बताया। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से 7.01 ग्राम मादक पदार्थ चिट्टा किमती 77,000 रुपए, बिक्री रकम 3000 रुपए, 3 नग मोबाईल किमती 30,000 रुपए सहित कुल 1,10,000 रुपए का माल जब्त किया। आरोपियों को पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया।



### रूट पद्मनाभपुर थाने से हुआ फरार

जिस रूट नाम के आरोपी से वैभव सोनी ने चिट्टा खरीदा है वो बड़ा ड्रग पैडलर है। उसे पुलिस ने 10 सितंबर को गिरफ्तार किया, लेकिन पद्मनाभपुर थाने के अंदर से पुलिस को चकमा देकर वो निकला और अपनी पत्नी के साथ फरार हो गया। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है।

### नशा करने और बेचने का आदतन आरोपी है युवक

पुलिस ने जिस वैभव सोनी और समीर को गिरफ्तार किया है वो हेरोइन पीने का आदतन नशेड़ी है। वो कई बार चिट्टा के साथ उसका सेवन करते और बेचते पकड़ा जा चुका है। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि 5 दिन पहले 10 ग्राम चिट्टा किमती 50,000 रुपये के हिसाब से गुरजीत सिंह उर्फ रूट निवासी 18 नंबर रोड़ भिलाई से खरीदा था। इसके बाद एक रुपए पुड़िया के हिसाब से उसने उसे लोगों को बेचा है।

## आर्मी जवान से बदसलूकी, 2 पुलिस कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीते दिनों दुर्ग जिले के मचांदुर गांव में भगवा झंडा लगाने को लेकर उतई थाने के दो जवानों की अग्निवीर (आर्मी वाले) से बहस हुई थी। पुलिस कर्मी ने आरोप लगाया कि आर्मी वाला शराब के नशे में था और उनसे बहस कर रहा था। जबकि घटना स्थल का जो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है उसमें उतई थाने के प्रधान आरक्षक और आरक्षक अग्निवीर से गाली गलौज और बड़ी धाराओं में फंसा देने की धमकी देते दिख रहे हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद दुर्ग पुलिस की काफी थू-थू हुई लोगों ने गंदे गंदे कमेंट किए। घटना के समय विवाद बढ़ने पर एडिशन एसपी अभिषेक झा ने खुद मामले की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने जवान की गलती पाई। इसके बाद एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने मामले में जांच के निर्देश दिए थे। जांच में पाया गया कि मचांदुर गांव में अग्नि-वीर जवान कौशल निषाद के घर पर 3 सितंबर की रात भगवा ध्वज लगाने को लेकर पुलिस से विवाद हुआ था। मचांदूर चौकी क्षेत्र में विवाद के दौरान ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर एसएसपी ने दोनो पुलिसकर्मियों आरक्षक 1449 महेश देवांगन और आरक्षक 623 रामकृष्ण दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर पुलिस लाइन में अटैच किया गया है।

- दुर्ग के मचांदुर में भगवा झंडा लगाने को लेकर हुआ था विवाद



### क्या है पूरा मामला

मामला उतई थाना क्षेत्र के मचांदुर गांव का है। गांव का रहने वाला कौशल निषाद अग्नि-वीर जवान है। कौशल अपने घर की छत पर 3 सितंबर को भगवा झंडा लगा रहा था। इसे लेकर दूसरे धर्म के लोगों ने इसका विरोध किया था। मामले की शिकायत मचांदुर चौकी में की तो वहां से दो पुलिसकर्मी एक वर्दी और दूसरा सिविल ड्रेस में पहुंचे और जवान को भगवा झंडा लगाने से मना करने लगे। जवान इसको लेकर पुलिस वालों से बहस करने लगा कि वो अपने घर में भगवा झंडा क्यों नहीं लगा सकता और वो लोग कौन होते हैं उसे रोकने वाले। इतना कहना था कि पुलिस कर्मियों ने जवान से गाली गलौज करने लगे। उन्होंने उसकी कालर पकड़ी और थाने ले जाकर पिटाई करने और बड़ी धारा में फंसाने की धमकी दी। ये वीडियो जब वायरल हुआ तो दुर्ग एसएसपी ने दोनों को सस्पेंड किया है। इस मामले की जानकारी होने पर छत्तीसगढ़ बजरंग दल के लोगों इसका विरोध किया और एसएसपी दुर्ग को ज्ञापन भी दिया था।

## अध्यक्ष पद के लिए बंछोर व कुल्मी में सीधी टक्कर

# ओए चुनाव की बढ़ी सरगरमी, टाउनशिप व प्लांट की खाक छान रहे प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन (ओए) चुनाव के लिए सियासी सरगरमी बढ़ गई है। मतदान की तारीख नजदीक आते ही अध्यक्ष के प्रत्याशियों सहित विभिन्न पदों के उम्मीदवारों ने सदस्य अधिकारियों से संपर्क तेज कर दिया है। अल सुबह से देर रात तक उम्मीदवार जीत के लिए प्लांट और टाउनशिप की खाक छान रहे हैं।

ओए की 2025-27 के लिए 19 सिंतबर को होने वाले चुनाव के लिए अब प्रचार मुहिम जोर पकड़ने लगी है। अघोषित पैनल के प्रत्याशी और स्वतंत्र उम्मीदवार समर्थकों के साथ वर्क्स और नान वर्क्स एरिया में सदस्यों यानी बीएसपी अधिकारियों से मिलककर जिताने की अपील कर रहे हैं।



चुनाव मैदान में अध्यक्ष पद के लिए 4 बार के अध्यक्ष रहे महाप्रबंधक नरेंद्र कुमार बंछोर और जेड आर रह चुके उप महाप्रबंधक मुकेश कुल्मी किस्मत आजमा रहे हैं। महासचिव के लिए कोषाध्यक्ष रहे एजीएम अंकुर मिश्रा, एजीएम तुषार सिंह टिकरिहा और डीजीएम सुधीर बालचंदानी रामटेके, एजीएम विजय कुमार सैनी व अजय कुमार चौरसिया चुनाव मैदान में हैं। अध्यक्ष की तरह कोषाध्यक्ष के लिए भी सीनियर मैनेजर सौभाग्य रंजन साहू और एजीएम अभिषेक कोचर के बीच सीधा मुकाबला है। इसके अलावा जोन प्रतिनिधि के लिए 42 प्रत्याशी मैदान में हैं। प्रमुख पदों के अधिकतर प्रत्याशियों के पैनल बनाकर और कुछ के स्वतंत्र रुप से चुनाव लड़ने की चर्चा है। सभी अपने अपने समर्थक अधिकारियों के साथ प्लांट के अंदर व टाउनशिप के अधिकारियों के दफ्तर आदि कार्य स्थलों पर पहुंचकर हाथ जोड़कर सहयोग की अपील कर रहे हैं। चुनाव प्रचार ओए की परंपरा व गरिमा के अनुकूल हो रहा है लेकिन जीत के लिए राजनीतिक दलों के लोगो के की तरह सियासी दांवपेंच अपनाए जा रहे हैं। आम सदस्यों की निगाहें अध्यक्ष के चुनाव पर टिकी हुई हैं। दोनों प्रत्याशी जीत का दावा कर रहे हैं लेकिन सदस्य रहस्यमयी मुस्कराहट के साथ दोनों को भरोसा दिला रहे हैं।

### महासचिव की तस्वीर धुंधली

महासचिव के लिए पंचुष्कोणीय मुकाबला है। पांच प्रत्याशियों में तुषार सिंह निवर्तमान कमेटी में उपाध्यक्ष और अंकुर मिश्रा कोषाध्यक्ष होने से चुनावी दृष्टि से सदस्यों के लिए चरिपरिचिति हैं। वहीं सुधीर रामटेके, विजय सैनी व अजय चौरसिया पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन ये भी दोनों अनुभवी प्रत्याशियों की तरह सदस्यों से संपर्क में जुटे हुए हैं। प्लांट व टाउनशिप में चर्चा है कि अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष से अलग जीएम के लिए पांचो में वोट बंट जाने से कौन जीतेगा, इसका अंदाज लगाना फिलहाल मुश्किल है। मतदान 19 सिंतबर को भिलाई क्लब व राजहरा क्लब में होगा। काउंटिंग व परिणामी अल सुबह तक आने के आसार हैं। चुनाव आधिकारी जीएम जेएन ठाकुर, संदीप झा, विकास चंद्रा और मैनेजर सैफुद्दीन फजली आगे की चुनावी प्रबंधन में जुटे हुए हैं।

## शिक्षक राष्ट्र के निर्माता, आठवीं के बच्चों को ग्रीन बोर्ड किया भेंट



**भिलाई।** हायर सेकेंडरी स्कूल चिखली शाला प्रांगण में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक नेमसिंह साहू ने शिक्षक दिवस आयोजन के बारे में बच्चों को जानकारी दी।

इस दौरान पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, अध्यक्ष स्वरूप साहू, संत चौहान विशेष रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने कहा कि आज शिक्षा में गिरावट का कारण नई पीढ़ी में सामाजिक मूल्यों के पतन से हो रहा है। हमें सम्मान पाने के लिए सम्मान देना पड़ेगा। शिक्षक राष्ट्र के निर्माता है, जो स्वयं मोमबत्ती की तरह जलकर हमें प्रकाश देता है, उनके सम्मान का ध्यान रखना होगा। संत चौहान ने शिक्षकों को समाज की महत्वपूर्ण कड़ी बताया, दिलहरन यादव ने कहा कि सबका साथ सबका विकास तभी होगा जब अपने गुरुओं के आदर्श पर चले। उन्होंने मोर संग चलो गीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य कल्पना अग्रवाल, ललिता ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत चिखली, ऊषा शर्मा पूर्व सरपंच भी उपस्थित थे। बी एड के प्रशिक्षार्थी शिक्षकों का भी शॉल और श्रीफल से स्वागत किया गया।

## खबर संक्षेप

### कला उत्सव प्रतियोगिता में ताम्रज धीवर प्रथम

**बेमेतरा।** विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें



सामने लाने के उद्देश्य से विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन समय-समय पर किया जाता है। जिसके अंतर्गत बेरला विकासखंड के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में अपनी अपनी प्रस्तुति दी। इसी के अंतर्गत मूर्तिकला प्रतियोगिता में शासकीय हाईस्कूल लावातरा के कक्षा दसवीं के छात्र ताम्रज धीवर के द्वारा वीर शिवाजी की सुंदर मूर्ति बनाई गई। जिसे प्रथम स्थान मिला तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ। विद्यालय के छात्र के इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख रविशंकर देशलहरे सहित विद्यालय के व्याख्यातागण भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू , शोभाश्विनी मेटिया, शहनाज बानो, जमुना साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया है।

### साजा में दुर्गा उत्सव की स्वर्ण जयंती, भव्य आयोजन की तैयारी

**साजा।** धर्म नगर बाजार चौक साजा में दुर्गा उत्सव समिति इस वर्ष अपने 50 साल पूरे होने का जश्न मना रही है। इस मौके को खास बनाने के लिए समिति ने इस बार दुर्गा उत्सव को स्वर्ण जयंती के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस भव्य आयोजन के लिए जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। नौ दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी और एक भव्य पंडाल भी बनाया जा रहा है। इन तैयारियों के साथ-साथ, समिति इस बार नौ कुंडी सहस्त्र चंडी महायज्ञ का भी आयोजन कर रही है, जिसके लिए यज्ञ मंडप का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है। इस आयोजन को लेकर नगरवासियों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसे सफल बनाने के लिए दुर्गा उत्सव समिति ने स्थानीय माहेश्वरी भवन में नगर के सभी समाज के सदस्यों के साथ एक बैठक की। बैठक में समिति के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र राठी ने कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान ओम प्रकाश टावरी, हरिशंकर टावरी, लक्ष्मीनारायण चांडक, भगवानदास राठी, जितेंद्र वर्मा, राजेश सोनी, योगेश बागरेचा और कमलेश जैन सहित कई प्रमुख नागरिकों ने अपने विचार साझा किए। समिति ने इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी नगरवासियों से यथासंभव सहयोग की अपील की है। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार राठी ने किया।

### सब इंस्पेक्टर हुआ छिनैती का शिकार

**भिलाई।** टाउनशिप क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने मार्निंग वॉक पर निकले सब इंस्पेक्टर अय्यूब हुसैन (61 साल) का मोबाइल छीना और फरार हो गए। हुसैन चर्च रोड के सामने सेक्टर 6 में रहते हैं और पुलिस दूरसंचार विभाग मुख्यालय सेक्टर 6 में उप. निरीक्षक के पद पर कार्यरत है।

## शिक्षा जगत : शिक्षकों को पढ़ाई को और रोचक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए

# जिले में केंद्रीय विद्यालय में कक्षाओं का शुभारंभ, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



जिला मुख्यालय के समीप ग्राम बावामोहतारा में नवस्थापित केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा में नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ हुआ। विद्या प्रवेश के अवसर पर जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं एसडीएम प्रकाश भारद्वाज रूप उपस्थित रहे। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना लंबे समय से जिले की जनता की मांग रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं राष्ट्रीय स्तर की शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस विद्यालय का संचालन प्रारंभ होना जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रथम सत्र की शुरुआत अवसर पर कलेक्टर शर्मा ने विद्यालय परिसर का भ्रमण किया और सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई की रुचि जानी तथा शिक्षकों को पढ़ाई को और रोचक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय स्टाफ को शिक्षा संचालन को गंभीरता और जिम्मेदारी से करने की हिदायत दी, ताकि बच्चों को केंद्रीय विद्यालय के स्तर की शिक्षा उपलब्ध हो सके। विदित हो कि बेमेतरा जिले में अब तक केंद्रीय विद्यालय की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

### जिम्मेदारीपूर्वक भूमिका निभाने के निर्देश

जिले के अनेक अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु रायपुर या अन्य शहरों में भेजने को विवश होते थे। अब बेमेतरा में केंद्रीय विद्यालय खुलने से न केवल विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शैक्षिक वातावरण उपलब्ध होगा। इससे पूर्व भी कलेक्टर ने जिले के विद्यालयों में बोर्ड एवं अन्य परीक्षाओं के संचालन का निरीक्षण करते हुए विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित किया था। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए उन्होंने लगातार पहलें की हैं और शिक्षकों को जिम्मेदारीपूर्वक अपनी भूमिका निभाने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा के शुभारंभ को लेकर अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में हर्ष का माहौल है और इसे जिले के शिक्षा क्षेत्र की दिशा अच्छी पहल हैं।

## जितेंद्र छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना साजा ब्लॉक महामंत्री बनाए गए



**देवकर।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना साजा खड़ (ब्लॉक) अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू के नेतृत्व तथा निलेश साहू (जिलाध्यक्ष छ.क्रा.से. बेमेतरा), राजेन्द्र पटेल (जिलाध्यक्ष जे.सी.पी.), सूर्या सिंह चौहान (नगर अध्यक्ष जेसीपी बेमेतरा) ढालेन्द्र साहू (जिला मिडिया प्रभारी छ.क्रा.से.), लुकेश्वर साहू (खड़ अध्यक्ष छ.क्रा.से. बेमेतरा), कन्हैया सिन्हा (नगर अध्यक्ष देवकर छ.क्रा.से.) के आतिथ्य में साजा में छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की आरती से हुआ। बैठक के दौरान अतिथियों द्वारा संगठन के उद्देश्य, ध्येय एवं कार्यों का वर्णन किया गया। इसके बाद संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष निलेश साहू की अनुशंसा पर खड़ अध्यक्ष श्रवण कुमार साहू (छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना, साजा) ने पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना साजा खंड (ब्लॉक) के महामंत्री के पद पर जितेन्द्र राजपूत को नियुक्त किया गया। जितेन्द्र राजपूत नगर के युवा है जिन्हें महामंत्री के पद का बड़ा दायित्व दिया गया। जितेन्द्र राजपूत ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारीयो का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि पूरी निष्ठा से पद का निर्वहन करूंगा।

## भिभौरी में नगर पंचायत भवन निर्माण का विधायक दीपेश साहू ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



नगर पंचायत भिमभौरी में 50 लाख रूपये के लागत बनने वाले नगर पंचायत भवन निर्माण हेतु भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया सम्मिलित हुईं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप परगनिया ने की। विधायक दीपेश ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पूजा-अर्चना कर नगर पंचायत भवन निर्माण का विधिवत भूमिपूजन किया। उन्होंने इस अवसर पर नगर पंचायत भिभौरी के समस्त नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि नगर पंचायत भवन का निर्माण भिमभौरी नगरवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके निर्माण से न केवल प्रशासनिक कार्य सुव्यवस्थित होंगे, बल्कि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ और त्वरित सेवाएँ भी प्राप्त होंगी। यह भवन जनसेवा का सशक्त केंद्र बनेगा और नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ेगा।"इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित सभी नागरिकों से नगर के विकास कार्यों में सहयोग और सहभागिता की अपील भी की। कार्यक्रम मे नगर पंचायत भिभौरी के चुनाव प्रभारी महेश साहू, मण्डल अध्यक्ष सूर्यकान्त नायक, मण्डल उपाध्यक्ष उत्तम देवांगन, पार्षद श्याम कुमार वर्मा, लीला देवी, अरुण साव, सीता सिन्हा, श्यामा, कैलाश वर्मा, गोविन्द यदु, नरेंद्र धीवर, मोहित साहू, प्रकाश यादव, यूके देवांगन, योगेश धीवर, परस यादव, लोकनाथ साहू, अमर साहू, नगर पंचायत सीएमओ, तहसीलदार सरिता मंडरिया, पटवारी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर भाजपा की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ थान खम्हरिया

नगर के समीप गुवारा में स्थित, विश्राम गृह में सेवा पखवाड़ा मनाने के लिए बैठक रखी गई। आयोजन, यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन, रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता और चिकित्सा परीक्षण के सेवा के कार्य कैंप लगाकर, हर वार्ड में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता जिला पंचायत प्रतिनिधि बलराम पटेल, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल भाजपा नेता, राजेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष, केशव पटेल के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर, कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के प्रभारी प्रमुख वक्ता बलराम पटेल ने अपने संबोधन में कहा, कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस 2 अक्टूबर तक चलेगा। आगे आपने बताया, भाजपा सेवा का कार्य करने वाली पार्टी है।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन से इसका शुभारंभ होगा। तथा महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर पखवाडा का समापन होगा। आगे आपने कहा, स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में प्रत्येक आयोजन में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और स्वयं सेवी संस्थाओं को शामिल करने की बात कही। पखवाड़े के दौरान महिला सशक्तिकरण तथा दिव्यांगों के कल्याण के लिए विशेष प्रयास करें। उच्च शिक्षा विभाग चित्रकला तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित करके विकसित भारत का संदेश लोगों तक पहुंचाएं। स्वच्छता और सेवा पखवाड़े की प्रत्येक गतिविधियों का व्यापक प्रचार सुनिश्चित करें। स्व सहायता समूह के उत्पादों तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न आयोजन करें। समय-समय पर कार्यकर्ताओं से निवेदन किया, अनुरोध किया की पार्टी के भीतर जो भी काम आता है। उसकी इमानदारी से कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से अनिल सिंघानिया, आदर्श जोशी, चंद्रशेखर राजपूत, पुन्नी तोरण यादव, सेवाराम साहू, हेमंत साहू जनपद सदस्य, रेखा शर्मा, नमिता सिन्हा, रामावतार सिंह राजपूत, मनीष सेन, घनश्याम सिंह राजपूत चित्रण साहू पारस योगी सोनू शर्मा भारती राजपूत कोमल साहू दिलीप सिंह बैंस वासु सिंह लालू सरपंच हेमंत साहू ओमपाल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## नपा अध्यक्ष सिन्हा ने शहर के वार्ड 2 में सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

**बेमेतरा।** शहर के वार्ड 2 में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने 8 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रीता पांडे सहित वार्डवासी मौजूद रहे। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने ठेकेदार को गुणवत्ता युक्त कार्य और समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश जहां दिए वहीं अध्यक्ष ने विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और



विधायक दीपेश साहू का आभार जताते हुए कहा शहर के विकास को प्रगति देने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं और शहर की मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है ताकि आम जनता को सुविधाएं सुलभता से मिल सके। इसके अलावा विजय सिन्हा वार्ड वासियों के बीच कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का चहुंमुखी विकास हुआ है और शहर के वार्डों में सड़क, नाली, पेवर ब्लॉक बिछाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए अनेक योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं।

### साहू समाज ग्रामीण इकाई सिंघौरी का हुआ चुनाव, अध्यक्ष टिकेंद्र बनाए गए



**बेमेतरा।** साहू समाज के ग्रामीण इकाई सिंघौरी के नवीन कार्यकारिणी व पदाधिकारी का चुनाव चुनाव अधिकारी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष लीला राम साहू, गोपाल साहू, भानु राम साहू, ग्राम प्रमुख देव राम साहू की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष टिकेंद्र साहू चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष किशन लाल साहू, सचिव दाऊ जागू साहू, प्रभारी सचिव संतोष साहू मुंशी, महिला उपाध्यक्ष बुद्धेश्वरी साहू, महिला प्रचार सचिव परनिया बाई साहू एवं कोषाध्यक्ष डॉ. रोशन, साहू को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान सामाजिक बंधु काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### किसानों ने नपं अध्यक्ष के समक्ष रखी घुमतू मवेशियों से समस्याएं



**साजा।** नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा की अध्यक्षता में नगर के किसानों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से नगर में घूम रहे मवेशियों की समस्या पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों ने अपने सुझाव रखे और नगर में मवेशियों से हो रही दिक्कतों को विस्तार से बताया। अध्यक्ष ने किसानों को आश्वासन दिया कि नगर पंचायत इस विषय में ठोस कदम उठाएगी। इस बैठक में हरिशंकर टावरी, जनार्दन सिंह ठाकुर, कृष्ण कुमार राठी, अनुज वर्मा सहित नगर के कई किसान मौजूद रहे।

### चन्द्रनाहू कुर्मी समाज के पदाधिकारियों का हुआ चुनाव, सभी पद निर्विरोध चुने गए



**बेमेतरा।** चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज बेमेतरा राज का निर्वाचन जिला मुख्यालय स्थित सिंगरौर कुर्मी भवन में संपन्न हुआ। इस दौरान समाज प्रमुखों की मौजूदगी में सभी पदों के लिए निर्वाचन निर्विरोध हुआ। जिसमें अध्यक्ष की जिम्मेदारी अयोध्या प्रसाद चन्द्राकर को देते हुवे निर्वाचित किया गया।अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारी में उपाध्यक्ष तुलसी राम चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष गोरेलाल चन्द्राकर, सचिव नरेश चन्द्राकर,संगठन सचिव पांचीलाल चन्द्राकर,केन्द्रीय प्रतिनिधि पुरुष में संतोष चन्द्राकर,महिला में जागेश्वरी चन्द्राकर,श्यामलता चन्द्राकर को चुना गया। समाज के उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एंव शुभकामनाएं दी।

### चुहका स्कूल में शिक्षक कामता प्रसाद पटेल का सम्मान समारोह



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला, चुहका में सहायक शिक्षक कामता प्रसाद पटेल के स्थानांतरण पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक पटेल का स्थानांतरण अब शासकीय प्राथमिक शाला, हाटरांका में हो गया है। शिक्षक कामता प्रसाद पटेल के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में शाला परिवार के सदस्यों और विद्यार्थियों ने उन्हें माल्यार्पण, श्रीफल और शॉल भेंट कर विदाई दी। बच्चों ने स्वागत गीत गाकर और देवी सरस्वती की पूजा करके कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए हुए उपहार भी शिक्षक को भेंट किए। शिक्षक के आध्यात्मिक स्वभाव को देखते हुए, शाला परिवार ने उन्हें श्रीरामचरितमानस की प्रति भी भेंट की। इस अवसर पर, कामता प्रसाद पटेल ने भी अपने पुराने स्कूल को साउंड सर्विस प्रदान कर स्कूल के विकास में योगदान दिया। प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रिखी राम यादव और शिक्षिका मंजुलता धुर्वे ने शिक्षक पटेल के 6 साल के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनका मिलनसार और उदार स्वभाव हमेशा याद रहेगा। शिक्षक किशन ठाकुर ने उनके विशेष योगदान को याद किया। समारोह के दौरान, शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही भावुक नजर आए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रकाश साहू ने किया। इस अवसर पर अन्य शिक्षक, सफाई कर्मी, रसोईया और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

### स्काउट गाइड शिविर गोंडगीरी में भाग लेने छात्र-छात्राएं हुए रवाना

# स्काउट गाइड से मिलती है सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/बेरला



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बारगांव के विद्यार्थियों को बेमेतरा जिला स्तरीय भारत स्काउट गाइड शिविर में भाग लेने के लिए रवाना किया गया।

यह शिविर 12 से 16 सितंबर तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोंडगीरी में आयोजित किया जा रहा है। जनपद सदस्य हीरा देवी वर्मा और सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जनपद सदस्य हीरा देवी वर्मा ने विद्यार्थियों से शिविर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने स्कूल का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने भारत स्काउट गाइड के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्था बच्चों को अनुशासन और सेवाभाव सिखाती है, जो व्यक्ति को महान बनाता है। उन्होंने छात्रों को बताया कि स्काउट गाइड के सिद्धांत जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करते हैं।

### सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण

सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने भी छात्रों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज व देश की सेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह शिविर छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। इस प्रशिक्षण से छात्रों को करियर में भी मदद मिलेगी। यह शिविर स्काउटर डी.आर. साहू के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। इसमें रेशमी सेन, ईशा निषाद, दिव्या पाल, पुष्पा साहू, उमेश यादव, योगेश साहू, खोमेंद्र साहू और रामेश्वर साहू जैसे रोवर-रेंजर शामिल हुए हैं।

